राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :–

दिनांक : 21.10.2020

आयोग द्वारा **जनसम्पर्क अधिकारी** (सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग) के पदों हेतु साक्षात्कार **दिनांक 11.11.2020 व 12.11.2020**, **समूह अनुदेशक/सर्वेयर/सहायक शिक्षुता सलाहकार–ग्रुप–II (TSP & Non TSP)** (प्राविधिक शिक्षा विभाग) के पदों हेतु साक्षात्कार **दिनांक 18.11.2020 से 20.11.2020 तक एवं उपाचार्य/अधीक्षक (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान)** (प्राविधिक शिक्षा विभाग) के पदों हेतु साक्षात्कार **दिनांक 23.11.2020 से 04.12.2020 तक** आयोजित किये जायेंगे।

साथ ही अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि जिन अभ्यर्थियों ने विस्तृत आवेदन पत्र आयोग को प्रस्तुत नहीं किए हैं, वे अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन पत्र आयोग की वेबसाइट http://rpsc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर लें और उसे साक्षात्कार की तिथि एवं समय पर दो प्रतियों में मय समस्त प्रमाण–पत्रों की फोटो प्रतियों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।

साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र मय फोटो प्रति साथ अवश्य लाएं अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जावेगा। अभ्यर्थियों के साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाईट पर यथा समय अपलोड कर दिये जायेगें।

राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं परीक्षा, 2018 (TSP & Non TSP) (कार्मिक क–4/2 विभाग) के पदों हेतु साक्षात्कार माह दिसम्बर, 2020 के द्वितीय सप्ताह से प्रारंभ किये जाने की संभावना है। साक्षात्कार तिथि से यथासमय अवगत करवा दिया जावेगा।

नोटः– 1. साक्षात्कार में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा कोरोना **(COVID-19)** संबंधी जारी गाईडलाईन की पूर्णतः पालना करें।

2. अभ्यर्थी साक्षात्कार के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु 0145–2635200, 2635212 पर सम्पर्क कर सकते है।

(शुभम चौधरी)
सचिव